# अनुवाद

स्त्रोत भाषा की सामग्री को उसी अर्थ में लक्ष्य भाषा में अनूदित करना ही अनुवाद है। अनुवाद का शाब्दिक अर्थ है पुनः कथन। जिस भाषा से अनुवाद होता है उसे स्त्रोत भाषा कहते है और जिस भाषा में अनुवाद किया जाता है उसे लक्ष्य भाषा कहते है।

**अनुवर्ती कार्य:**

(1) पाठक संपादक को बधाइयाँ दे रहा है, क्यों?

संक्रामक बीमारियों के बारे में सरकार और जनता का ध्यान आकृष्ट करने योग्य संपादकीय प्रकाशित करने के कारण बधाइयाँ दे रहा है।

(2) हमारा घमंड किसपर है?

विज्ञान और प्रौद्योगिकी की उपलब्धियों पर हमें घमंड हैं।

(3) हमारी कमी क्या है?

संक्रामक बीमारियों को रोकने में हम नकारात्मक रहे हैं। यही हमारी कमी है।

(4) संचार-माध्यमों की कौन-सी भूमिका है?

संक्रामक बीमारियों पर पाबंद डालने केलिए समाज को सतर्क करने में संचार माध्यमों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

## संकेतों का अनुवाद हिंदी में करें:-

| |
|---|
| CLEAN THE WATER STORAGE-CONTAINERS AND COVER IT |
| पानी के टगों का साफ करें और ढकें |

| |
|---|
| KEEP THE SURROUNDINGS CLEAN AND IMPROVE BASIC SANITATION FACILITIES |
| परिवेश को साफ रखें और बुनियादी स्वच्छता सुविधाओं को सुधारें |

| |
|---|
| CREATE AND AWARNESS ABOUT DENGUE CHIKUNGUNIYA ETC... |
| डेंगु, चिकुन गुनिया आदि के प्रति सचेत रहें |

| |
|---|
| SEEK THE CO-OPERATION FOR THE REMOVAL OF BREEDING PLACES |
| प्रजजन स्थानों को हटाने केलिए सहयोग माँगे। |

ग्यारहवीं कक्षा की परीक्षा केलिए अनुवाद संबंधी प्रश्न ज़रूर पूछा जाएगा। 6 अंक का यह प्रश्न हमारे दैनिक जीवन से संबंधित छोटी-छोटी वार्तालाप होगा, जिसे अंग्रेज़ी से हिंदी में अनुवाद करना है।

HSSLiVE.IN

**नमूना**:-

(1)

| | |
|---|---|
| Shopkeeper | : May I help you sir. |
| Customer | : I want a good watch. |
| Shopkeeper | : Lady's or Gent's? |
| Customer | : Lady's. |
| Shopkeeper | : Please look at this box. There are different kinds of lady's watches. |
| Customer | : Thank you. Please show me some Titan watches. |
| Shopkeeper | : Please see this. |
| Customer | : Good, take this one. |
| Shopkeeper | : Of course. |
| Customer | : This is very nice. How much this cost |
| Shopkeeper | : Only Rs. 1500/- |
| Customer | : Oh! That is too much. |
| Shopkeeper | : Not at all. Its quality is good. |
| Customer | : Then Ok, take this one. |

| | |
|---|---|
| दूकानदार | : जी, मैं आपकी सेवा करूँ? |
| ग्राहक | : मुझे एक अच्छी घडी चाहिए। |
| दूकानदार | : औरत की या मर्द की? |
| ग्राहक | : औरत की। |
| दूकानदार | : यह बक्स देखिए। इसमें औरतों की तरह-तरह की घड़ियाँ है। |
| ग्राहक | : धन्यवाद। टैटान के कुछ घड़ियाँ दिखाइए। |
| दूकानदार | : यह देखिए। |
| ग्राहक | : अच्छा, यही दीजिए। |
| दूकानदार | : ठीक है। |
| ग्राहक | : यह बहुत सुंदर है। दाम कितना है? |
| दूकानदार | : सिर्फ एक हज़ार पाँच सौ रुपए। |
| ग्राहक | : ओह यह कुछ अधिक है। |
| दूकानदार | : नहीं, यह अच्छी किस्म की है। |
| ग्राहक | : तो ठीक है। यह दीजिए। |

DO NOT COPY

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |

DO NOT COPY